international
safeguarding
children in sport
working group

# बच्चों के लिए खेल-कूद में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा-उपाय




स्पोर्ट इंग्लैंड

# विषय-सूची


परिचय 4

परिभाषाएं 6

सुरक्षा-उपायों के संक्षिप्त विवरण 7

लक्ष्य और सिद्धांत 10

प्रायोगिक अध्ययन 12

सुरक्षा-उपाय करने की यात्रा पर मुख्य कदम 14

सुरक्षा-उपाय 1: अपनी नीति को विकसित करना 18

सुरक्षा-उपाय 2: सुरक्षा-उपाय की चिंताओं के उत्तर देने के लिए प्रक्रियायें 20

सुरक्षा-उपाय 3: सलाह और सहायता 22

सुरक्षा-उपाय 4: बच्चों के लिए जोखिम को कम करना 24

सुरक्षा-उपाय 5: व्यवहार के लिए दिशानिर्देश 26

सुरक्षा-उपाय 6: नियुक्त करना, प्रशिक्षण और संचार 28

सुरक्षा-उपाय 7: भागीदारों के साथ काम करना 30

सुरक्षा-उपाय 8: निगरानी और मूल्यांकन 32

प्रथम अंवेषक संस्थाएं 34

संस्थापक सदस्य 36

# परिचय

संसार भर में लाखों बच्चे और युवा लोग प्रतिदिन खेल-कूद की गतिविधियों में भाग लेते हैं। कुछ बच्चों के लिए यह केवल मनोरंजन और आमोद-प्रमोद है। अन्य विकास कार्यक्रमों के लिए खेल-कूद में भाग ले सकते हैं। कुछ युवा लोगों के लिए खेल-कूद उनके भविष्य के जीवन वृत्ति का चयन हो सकता है, या तो प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में, आखेट-शिक्षक या अधिकारियों के रूप में। युवा लोगों को असामाजिक या आपराधिक व्यवहार से हटाने के एक वाहन के रूप में भी खेल-कूद का उपयोग किया जा सकता है।

बच्चों को एक सुरक्षित और मनोरंजक वातावरण में खेल-कूद में भाग लेने का अधिकार है। उनके अधिकारों को बाल अधिकारों (Rights of the Child) के संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (United Nations Convention) में प्रतिष्ठापित किया गया है।

पिछले 15 या ऐसे कुछ वर्षों में खेल-कूद में सभी तरह की हिंसा के शिकार हुए लोगों ने उनकी आवाज़ें सुनी जाने और उत्तर दिए जाने में सक्षम होना शुरू किया है। इससे पहले इस धारणा के बारे में कम प्रश्न होते थे कि खेल-कूद युवा लोगों के अच्छे के लिए केवल एक शक्ति है। 1990 के बाद / 2000 दशक के शुरू तक बहुत ही कम खेल-कूद के संगठनों ने वयस्कों या अन्य युवा लोगों के व्यवहार के बारे में शिकायतों का उत्तर देने के लिए प्रणालियाँ और संरचनाएं तैयर की थीं।

अब हम शोध और प्रमाण द्वारा बहुत कुछ जानते हैं इस बारे स्पष्ट होने के लिए कि उनके केंद्र में खेल-कूद हमेशा बच्चों के अधिकारों पर ध्यान केंद्रित करके नहीं होता है, या कभी-कभी बच्चों के जोखिमों पर पूरी तरह से विचार करने में विफल रहता है, जिससे संगठनात्मक संस्कृतियों की ओर अग्रसर होता है जो हानि और दुर्व्यवहार की चर्चा (ब्रैकनरिज़, के और रहिंड, 2012- Brackenridge, Kay & Rhind, 2012) करने की अनुमति नहीं देता।

बच्चों और युवा लोगों के लिए भी कुछ ऐसे जोखिम हैं जो खेल-कूद के लिए अद्वितीय हैं, जैसे कि युवा खिलाड़ियों को संभ्रात करने के लिए सभी प्रकार के दुर्व्यवहार का बढ़ा हुआ जोखिम। विकास कार्यक्रमों के लिए कई खेल बहुत ही असुरक्षित बच्चों को उपलब्ध कराए जाते हैं जो अपने दैनिक जीवन में हिंसा और दुर्व्यवहार से प्रभावित हुए हो सकते हैं और जिनके लिए खेल-कूद सुरक्षित आश्रय होना चाहिए। हम सबको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन युवा लोगों को खेल-कूद प्रावधान सुरक्षित वातावरण में उपलब्ध कराया जाता है।

मानकों के रेखा-चित्र सेट (जिसे अब सुरक्षा-उपाय कहा गया है) लंदन में 2012 में बिओंड स्पोर्ट समिट (Beyond Sport Summit) के लिए मिलकर काम करने वाले संगठनों की साझेदारी द्वारा विकसित किए गए थे। इन्हें अगले 2 वर्षों में एक व्यापक प्रायोगिक अध्ययन चरण के माध्यम से और विकसित किया गया था। सुरक्षा-उपायों का अंतिम संस्करण अक्टूबर 2014 में बिओंड स्पोर्ट में आरंभ किया गया था। उन्हों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी खेल-कूद के संदर्भों में बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण को सुनिश्चित करने के समग्र दृष्टिकोण के लिए नींव रखीं।

# परिभाषाएं

— सुरक्षा-उपाय उन क्रियायों को बताता हो जो हम यह सुनिश्चित करने के लिए करते हैं कि हमारे क्लबों और गतिविधियों में शामिल हो जाने पर **सभी** बच्चें हानि से सुरक्षित हों

— बाल संरक्षण उन गतिविधियों का एक समूह है, जिस की आवश्यकता उन **विशिष्ट** बच्चों के लिए होती है जिन्हें हानि होने का खतरा है/ या हानि से पीड़ित हो रहे हैं

— दुर्व्यवहार उस कार्यभार या चूक के कृत्यों का उल्लेख करता है जिस के कारण बच्चे हानि पहुंचने का अनुभव करते हैं

— हानि बच्चे पर उन कार्यों के कारण होने वाले नकारात्मक प्रभाव या परिणामों को संदर्भित करती है

— हिंसा "सभी प्रकार की शारीरिक या मानसिक हिंसा, चोट और दुर्व्यवहार, उपेक्षा या उपेक्षक व्यवहार, दुर्व्यवहार या शोषण, यौन दुर्व्यवहार सहित" (अनुच्छेद 19 बाल अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन) संदर्भित करता है

# अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा-उपाय

इन सुरक्षा-उपायों का लक्ष्य उन चीजों की रूपरेखा तैयार करना है जिन्हें बच्चों और युवाओं के लिए खेल-कूद की गतिविधियों को प्रदान करने वाले किसी भी संगठन द्वारा किया जाना चाहिए। सुरक्षा-उपायों को मार्गदर्शकों के रूप में देखा जाना चाहिए, जो अपने आप में अंत की तुलना में बच्चों की सुरक्षा के लिए संगठन की यात्रा को सुगम बनाते हों।

वे अंतर्राष्ट्रीय घोषणाओं, बाल अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, प्रासंगिक विधान, सरकारी मार्गदर्शन, वर्तमान बाल संरक्षण / सुरक्षा-उपाय मानकों और अच्छे अभ्यासों को प्रतिबिंबित करते हैं। ब्रूनेल विश्वविद्यालय (Brunel University) द्वारा आयोजित किए गए अनुसंधान द्वारा विस्तृत प्रायोगिक अध्ययन चरण के समय विभिन्न देशों और हितधारक समूहों के विभिन्न दृष्टिकोणों के साथ उन्हें सूचित किया गया है।

ये सुरक्षा-उपाय किसी समय में किसी एक जगह पर सामूहिक अच्छे अभ्यास का प्रतिनिधित्व करते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए आवधिक समीक्षा के अधीन होगें कि वे सुरक्षा के अभ्यास के अंदर विकास को प्रतिबिंबित करते हैं।

# 8

# सुरक्षा-उपाय

## ये 8 सुरक्षा-उपाय है

01 – अपनी नीति को विकसित करना
02 – सुरक्षा-उपाय की चिंताओं के उत्तर देने के लिए प्रक्रियायें
03 – सलाह और सहायता
04 – बच्चों के लिए जोखिम को कम करना
05 – व्यवहार के लिए दिशानिर्देश
06 – नियुक्ति, प्रशिक्षण और संचार
07 – भागीदारों के साथ काम करना
08 – निगरानी और मूल्यांकन

# सुरक्षा-उपायों के लक्ष्य:

— बच्चों के लिए एक सुरक्षित खेल-कूद का वातावरण बनाने में सहायता करें जहाँ भी वे भाग लेते हैं और जिस किसी स्तर पर भी

— सूचित निर्णय लेने के लिए खेल-कूद के प्रदाताओं और वित्तपोषकों को सहायता करने के लिए एक बेंचमार्क (मानदंड) प्रदान करें

— अच्छे अभ्यास को बढ़ावा दें और उन अभ्यासों को चुनौती दें जो बच्चों के लिए हानिकारक हैं

— खेल-कूद में शामिल सभी को बच्चों के सुरक्षा-उपाय के लिए स्पष्टता प्रदान करें

# सुरक्षा-उपाय निम्नलिखित सिद्धांतों पर आधारित हैं

— सभी बच्चों को एक सुरक्षित और समावेशी वातावरण में जो सभी प्रकार के दुर्व्यवहार, हिंसा, उपेक्षा और शोषण से मुक्त हो, खेल-कूद के माध्यम से भाग लेने, आनंद लेने और विकसित होने का अधिकार है।

— बच्चों को अपनी आवाज सुनी जाने और उनका कहा माने जाने का अधिकार है। उन्हें पता होना चाहिए कि जब उन्हें खेल-कूद में भाग लेने के बारे में कोई चिंता होती है तो वे किस के पास जा सकते हैं

— संगठनों और व्यक्तियों, सेवा प्रदाताओं और वित्तपोषकों, सभी पर युवा लोगों की देखभाल और संरक्षण में सहायता करने का दायित्व है

— बच्चों और युवाओं के लिए खेल-कूद की गतिविधियों को प्रदान करने वाले संगठनों का कर्तव्य है कि वे उन की देखभाल करें

— कुछ विशेष कारक हैं जो कुछ बच्चों को दुर्व्यवहार के लिए अधिक असुरक्षित बना देते हैं, और इनका समाधान करने के लिए कदम उठाने की आवश्यकता है

— बच्चों को सुरक्षा-उपय नीति और अभ्यास को आकार देने में शामिल किए जाने का अधिकार है

— संगठनों को हमेशा बच्चे के सर्वोत्तम हितों के लिए कार्य करना चाहिए

— सभी को गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किए जाने और लिंग, जाति, आयु, जातीयता, क्षमता, यौन अभिविन्यास, विश्वास, धार्मिक या राजनीतिक संबद्धता के आधार पर भेदभाव नहीं किए जाने का अधिकार प्राप्त है।

— सुरक्षा-उपायों साधनों के निर्माण, विकास और कार्यान्वयन के लिए प्रक्रियाओं और गतिविधियों को समावेशी होना चाहिए

कृपया ध्यान दें जब कि इन सुरक्षा-उपायों को बच्चों (18 वर्ष से कम आयु के) के संबंध में विकसित किया गया है, ये अन्य समूहों जैसे कि असुरक्षित वयस्कों के संबंध में भी अच्छे अभ्यास के लिए मूल्यवान रूपरेखा प्रदान कर सकते हैं।

# सुरक्षा-उपायों का प्रायोगिक अध्ययन करना

बिओंड स्पोर्ट समिट 2012 (Beyond Sport Summit 2012) में संयुक्त उपक्रम के रूप में प्रतिनिधित्व करने वाले कई संगठन ने उन कई अतिरिक्त संगठनों के साथ जो बच्चों के लिए खेल-कूद को सुरक्षित बनाने के लिए अपने दृष्टिकोण को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध थे इन सुरक्षा-उपायों के साथ प्रायोगिक अध्ययन करने की सहमती जताई। प्रायोगिक अध्ययन के पूरे समय, इन संगठनों से सुरक्षा-उपाय के नेतृत्व करने वालों ने वर्चुअल लर्निंग सेट (वीएलएस) (Virtual Learning Sets - VLS) में भाग लिया। बच्चों के सुरक्षा-उपाय में VLS का नेतृत्व, विशेषज्ञ प्राप्त संस्थापक समूह (Founders Group) के एक सदस्य ने किया था। मिशन, स्थान और आकार के आधार पर संगठनों को 6-8 के छोटे समूहों में आवंटित किया गया था। सुरक्षा-उपायों के प्रति अपने काम करने के अनुभवों पर चर्चा करने के लिए ये VLS (वीएलएस) हर 2 मास बाद ऑनलाइन पर मिले।

# सुरक्षा-उपाय का प्रायोगिक अध्ययन करना

इन 32 संगठनों के साथ ब्रूनल यूनिवर्सिटी द्वारा अनुसंधान अयोजित किया गया। स्रोतों की कई श्रेणियों से डेटा एकत्र किया गया था:

– प्रत्येक संगठन के सुरक्षा-उपाय के नेतृत्व करने वालों के साथ साक्षात्कार
– वीएलएस के नेताओं से आवधिक प्रतिक्रिया
– फिलाडेल्फिया में बिओंड स्पोर्ट 2013 में प्रायोगिक अध्ययन के संगठनों से एकत्रित प्रतिक्रिया
– संरक्षा-उपायों के एक संशोधित सेट के बारे में प्रतिभागियों का एक ऑनलाइन सर्वेक्षण

इस डेटा के आधार पर, शोधकर्ताओं ने संस्थापक समूह (Founders Group) के लिये अनुरोध किया। सुरक्षा-उपायों के अंतिम संस्करण का तब बिऑन्ड स्पोर्ट 2014 में विकास हुआ और उसे आरंभ किया गया था। प्रत्येक सुरक्षा-उपाय के बारे में और अधिक जानकारी नीचे दी गई है।

# सुरक्षा-उपाय करने की यात्रा पर मुख्य कदम

निम्न कदम प्रत्येक सुरक्षा-उपाय के माध्यम से आपकी यात्रा का मार्गदर्शन करेंगे। उन्हें अपनी वर्तमान प्रणाली पर प्रतिबिंबित करने और बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उनके प्रयासों को सूचित करने के लिए एक संगठन की सुविधा होनी चाहिए।

**इस मार्गदर्शक के 5 कदम हैं:**

**कदम 01:**
**यात्रा के लिए तैयारी करनी**
बच्चों के सुरक्षा-उपायों के लिए जरूरतों की जागरूकता बढ़ानी

**कदम 02:**
**लागू करने की तैयारी करनी**
आप अब जहाँ हैं उसे प्रतिबिंबित करना और अपने अगले कदमों को प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्थित करना

## कदम 03:
## अपने सुरक्षा-उपायों को विकसित करना

## कदम 04:
## अपने सुरक्षा-उपायों को लागू करना

## कदम 05:
## अपने सुरक्षा-उपायों को अंता:स्थापित करना

# सुरक्षा-उपाय



© UNICEF
UNI123577/क्रज़ीसाइक (Krzysiek)



# सुरक्षा-उपाय 01
## अपनी नीति का विकास करना

**क्या** – को भी संगठन जो 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों और युवा लोगों के लिए खेल-कूद की गतिविधियों को प्रदान करता है या जिस पर प्रदान करने का दायित्व है उसकी एक सुरक्षा-उपय नीति होनी चाहिए। यह अभिप्राय का एक कथन है जो खेल-कूद से जुड़े बच्चों की हानि से रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, और वह रूप-रेखा प्रदान करता है जिसके अंदर प्रक्रियाएं विकसित की जाती हैं।

**क्यों** – एक सुरक्षा-उपाय नीति सभी को यह स्पष्ट करती है कि बच्चों और युवाओं के संरक्षण के संबंध में किसकी आवश्यकता है। यह बच्चों के लिए एक सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायता करता है और यह दर्शाता है कि वह संगठन अपने देखभाल के कर्तव्य को गंभीरता से ले रहा है। यह विशिष्ट कारकों पर भी विचार करता है जिस से कुछ बच्चें अधिक असुरक्षित हो सकते हैं।

# सफलता के लिए मापदंड

— आपकी एक सुरक्षा-उपाय करने की नीति है जिसे स्पष्ट रूप से लिखा गया है और समझने में आसान है

— यह नीति आपकी समझ और सभी प्रकार की हानियों की परिभाषाओं का स्पष्ट रूप से वर्णन करती है

— यह नीति आपके काम के सभी पहलुओं में बच्चों की सुरक्षा करने के लिए आपके संगठन की प्रतिबद्धता को शामिल करती है

— यह नीति इस विषय में स्पष्ट है कि सभी बच्चों को संरक्षण के समान अधिकार प्राप्त हैं

— आपके संगठन के उच्चतम स्तर के कर्मचारियों के द्वारा इस नीति का आधिकारिक रूप में समर्थन दिया गया है

— संगठन के उच्चतम स्तर के कर्मचारीयों पर यह देखने का दायित्व है कि इस नीति का परिपालन किया जाता है

— सभी कर्मचारियों, स्वयंसेवकों, देखभालकर्तायों या अन्य प्रतिनिधियों ने इस नीति के लिए हस्ताक्षर किए हैं

— आपके संगठन ने प्रारंभिक विकास के भाग के रूप में / या आपकी नीति की लगातार समीक्षा के समय बच्चों, माता-पिता / देखभालकर्ताओं और कर्मचारियों से परामर्श किया है

## सुरक्षा-उपाय 02
## सुरक्षा-उपाय संबंधी चिंताओं का उत्तर देने के लिए एक प्रणाली का विकास करना

**क्या** – प्रक्रियायें संगठनात्मक नीति को लागू करने में आवश्यक परिचालक कार्यविधियों का वर्णन करती हैं और विभिन्न परिस्थितियों में क्या करना है इस बारे में कदम-दर-कदम स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करती है। वे भूमिकाओं और दायित्वों और संचार की लाइनों को स्पष्ट करती हैं। प्रभावी प्रणाली की आवश्यकता होती है जो किसी भी शिकायत या चिंताओं से निपटने में सहायता करती है और हिंसा के किसी भी पीड़ित को सहयोग देती है। आपको वर्तमान प्रणाली को विकसित करना और प्रासंगिक राष्ट्रीय प्रणालियों और कानूनों के संबंध में अपनी भूमिका को समझना चाहिए।

**क्यों** – सुरक्षा-उपाय प्रभावी हों इसके लिए बच्चों के लिए प्रक्रियाएं विश्वसनीय होनी चाहिए। किसी बच्चे की सुरक्षा या कल्याण के बारे में चिंताओं के त्वरित उत्तर को सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रियाएं सहायता करती हैं। वे आपको कानून और मार्गदर्शन का पालन करने और कार्यान्वित करने में भी सहायता करती हैं। बच्चों के विरूद्ध हिंसा कष्टप्रद होती है और इससे निपटना कठिन हो सकता है। संगठनों का यह सुनिश्चित करने का कर्तव्य बनता है कि बच्चों की सुरक्षा करने में लोगों को अपनी भूमिका निभाने में सहायता करने के लिए सलाह और सहयोग उपलब्ध हों।

# सफलता के लिए मापदंड

— स्पष्ट प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं जो यदि किसी बच्चे की सुरक्षा या कल्याण के बारे में चिंताएं हैं, संगठन के भीतर और बाहर दोनों, तो क्या करना है के बारे में कदम-दर-कदम मार्गदर्शन प्रदान करती हैं

— किसी घटना, आरोप या शिकायत के समय और उसके बाद बच्चों, स्वयंसेवकों और कर्मचारियों को सहायता प्रदान करने के लिए आपके संगठन के पास व्यवस्था उपलब्ध है।

— आपके संगठन में एक निर्धारित स्टाफ (कर्मचारियों) का सदस्य हैं, जो सुरक्षा-उपाय के नेतृत्व के लिए उत्तरदायी है

— आपका संगठन बच्चों और युवा लोगों को उनके अधिकारों और यदि वे चिंतित हैं तो किसी के पास जाएं के बारे में जानकारी प्रदान करता है, एक प्रक्रिया के रूप में जो उनको सशक्त बनाती है।

— आपके संगठन ने एक प्रकटीकरण के बाद क्या होने की संभावना है के बारे में बच्चों और उनके माता-पिता / देखभालकर्ताओं को जानकारी उपलब्ध कराई है, एक प्रारूप और भाषा में, जिसे प्रत्येक व्यक्ति द्वारा आसानी से समझा जा सकता है

— आपके संगठन के पास एक निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से शिकायतों से निपटने की एक प्रक्रिया है, जिसमें अपील प्रक्रिया शामिल है

— सभी घटनाओं, आरोपों और शिकायतों को रिकार्ड किया जाता है, निगरानी की जाती है और सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाता है

— आपके संगठन ने प्रारंभिक विकास और / या आपकी प्रतिक्रिया प्रणाली की निरंतर समीक्षा के भाग के रूप में बच्चों, माता-पिता / देखभालकर्ताओं और कर्मचारियों से परामर्श की है

# सुरक्षा-उपाय 03
## सलाह और सहायता

**क्या** – बच्चों के सुरक्षा-उपायों के दायित्व वाले लोगों को आवश्यक जानकारी और सहायता प्रदान करने की व्यवस्थाएं की गई हैं। बच्चों और युवा लोगों को यह सलाह दी गई है कि सहायता और सहयोग को कहाँ से प्राप्त करना है।

**क्यों** – यह सुनिश्चित करना आपका कर्तव्य है कि बच्चों को सुरक्षित रखने में लोगों को अपनी भूमिका निभाने में सहायता करने के लिये उन्हें सलाह और सहयोग उपलब्ध है जैसे कि बच्चे जाने कि सहायता के लिए वे किसके पास जा सकते हैं।

# सफलता के लिए मापदंड

— एक राष्ट्रीय और / या स्थानीय स्तर पर बाल संरक्षण में सहायता प्रदान करने वाली प्रासंगिक बाल संरक्षण एजेंसियों, NGOs (गैर-सरकारी संगठनों) और सामुदायिक समूहों के साथ संपर्क स्थापित किए गए हैं

— आपका संगठन यह सुनिश्चित करता है कि बच्चों को सुरक्षित रखने के विशेष दायित्वों वाले स्टाफ के सदस्यों को विशेषज्ञ सलाह, सहायता और जानकारी प्राप्त है

— बच्चों को स्वयं को और एक दूसरे को सुरक्षित रखने के बारे में सलाह और सहायता प्रदान की गई है

— आपकी प्रणाली स्वीकार करती है कि अतिरिक्त असुरक्षा वाले बच्चों (उदाहरण के लिए, एक असमर्थता) को सहायता प्राप्त करने में अतिरिक्त अवरोधों का सामना करना पड़ सकता है

— व्यापक समुदाय में माता-पिता / देखभालकर्ताओं को बच्चों के सुरक्षा-उपायों के बारे में जानकारी, सलाह और सहायता प्रदान की गई है

## सुरक्षा-उपाय 04
## बच्चों के लिए जोखिम को कम करना

**क्या** – बच्चों के जोखिमों का आकलन और कम करने के उपाय

**क्यों** – कुछ लोग, जो वेतन या स्वैच्छिक क्षमता से खेल-कूद में काम करते हैं या काम करना चाहते हैं, बच्चों के लिए जोखिम पैदा करते हैं। बच्चों को तब भी जोखिम होता है जब उन्हें अनुपयुक्त स्थानों में रखा जाता है या अनुपयुक्त गतिविधियों में भाग लेने के लिए कहा जाता है, जिसमें शामिल है आयु अनुचित गतिविधियाँ, अधिक-ट्रेनिंग और उन से अवास्तविक अपेक्षायें रखना। सुरक्षा-उपायों को उपलब्ध कराने द्वारा इन जोखिमों को कम करना संभव है।

# सफलता के लिए मापदंड

— जोखिम मूल्यांकन उपलब्ध हैं और गतिविधियां, परिवहन, आवास और स्थानों के लिए आयोजित किए जाते हैं

— जोखिम मूल्यांकन के माध्यम से पहचाने गए किसी भी जोखिम को कम करने के लिए कदम उठाए जाते हैं

— यदि मूल्यांकन में जोखिम बहुत अधिक पाया जाता है तो गतिविधि आगे नहीं बढ़ती

— उन कर्मचारियों और स्वयंसेवक को सहायता के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध है जो जाति, लिंग, आयु, धर्म, असमर्थता, यौन अभिविन्यास, सामाजिक पृष्ठभूमि या संस्कृति के कारण कुछ बच्चों द्वारा सामने किए जाने वाले अतिरिक्त जोखिमों की पहचान करते हैं

# सुरक्षा-उपाय 05
# व्यवहार पर दिशानिर्देश

**क्या** – आचरण के संहिता इसका वर्णन करें कि व्यवहार का स्वीकार्य मानक क्या है और वर्तमान सर्वोत्तम अभ्यास को बढ़ावा दें

**क्यों** – बच्चों के खेल-कूद को एक सुरक्षित, सकारात्मक और उत्साहजनक वातावरण में किया जाना चाहिए। व्यवहार के मानक, सभी के लिए क्या स्वीकार्य है के मानदंड को निर्धारित करते हैं।

# सफलता के लिए मापदंड

— आपके संगठन के पास व्यवहार (आचार संहिता) के लिए लिखित दिशानिर्देश हैं जिसमें लोगों के साथ गरिमा, सम्मान, संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ व्यवहार करने के बारे में कथन शामिल हैं

— आपके संगठन के पास दिशा-निर्देश और ऐसी गतिविधियों के आसपास की अपेक्षाएं हैं, जिसमें घर से दूर बिताया समय शामिल है, बच्चों को दूसरों की देखभाल में रखना और वहाँ रात भर रहना शामिल है

— जहां संगठन बच्चों को दूसरों की देखभाल में रखने में शामिल होते हैं, उस बच्चे के अनुभवों पर चर्चा करने के लिए बारंबार मीटिंगस की जाती हैं

— आपके संगठन के पास असमर्थता वाले बच्चों के साथ काम करने के लिए मार्गदर्शन है

— आपके संगठन के पास सूचना प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया के उचित उपयोग के बारे में मार्गदर्शन है यह सुनिश्चित करने के लिए कि बच्चों को खतरे में नहीं डाला जाता है और शोषण के लिए असुरक्षित नहीं बनाया जाता है

— आपके संगठन के पास बच्चों के व्यवहार को प्रबंधित करने के सकारात्मक तरीकों पर मार्गदर्शन है, जिसमें शारीरिक दंड देना या किसी भी प्रकार से नीचा दिखाना या अपमानजनक व्यवहार शामिल नहीं हैं, और आयु और लिंग उचित है

— आपके संगठन के पास दूसरों के साथ, विशेष रूप से अन्य बच्चों (उदाहरण के लिए, एक सीखने का समझौता) के साथ बच्चों के अपेक्षित और स्वीकार्य व्यवहार पर मार्गदर्शन है

— संगठनात्मक अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं से जुड़े व्यवहार पर दिशानिर्देशों का पालन न करने से होने वाले स्पष्ट परिणाम हैं

— संगठन के उच्चतम स्तर पर यह सुनिश्चित करने का दायित्व है कि दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है

— आपके संगठन ने आरंभिक विकास के भाग के रूप में और / या आपके संगठन के व्यवहार पर दिशानिर्देशों की लगातार समीक्षा के लिए बच्चों / माता-पिता / देखभालकर्ताओं और कर्मचारियों के साथ परामर्श किया है

# सुरक्षा-उपाय 06
# नियुक्ति, प्रशिक्षण और संचार

**क्या** – उचित कर्मचारियों के सदस्यों की नियुक्ति करना, आवश्यक कौशल विकसित करने और संभाल करने के अवसरों का सृजन करना और सुरक्षा-उपायों के संबंध में संचार करना।

**क्यों** – बच्चों के संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति को उनकी संरक्षण में एक भूमिका निभानी होती है। वे ऐसा आत्मविश्वास के साथ और प्रभावशाली ढंग से केवल तभी कर सकते हैं यदि वे जागरूक हों, उनके पास इसकी आवश्यक समझ हो और विकसित करने, अभ्यास और महत्वपूर्ण कौशलों को लागू करने का अवसर हो। बच्चों के लिए खेल-कूद की गतिविधियाँ प्रदान करने वाले संगठनों पर कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण देने और विकास के अवसर प्रदान करने के दायित्व हैं।

# सफलता के लिए मापदंड

— नौकरी के विवरणों में लोगों के साथ गरिमा, सम्मान, संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ व्यवहार करने के बारे में कथन शामिल हैं।

— नियुक्ति प्रक्रिया में एक साक्षात्कार, चरित्र / रोजगार पर संदर्भ प्राप्त करना और स्थानीय कानून के आधार पर एक पृष्ठभूमि की जांच शामिल है

— सभी कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और अन्य प्रासंगिक लोगों को सुरक्षा-उपायों और बाल संरक्षण के साथ प्रशिक्षित प्राप्त है, चिंताओं की रिपोर्ट कैसे करनी है सहित

— प्रशिक्षण के कार्यान्वयन की देखरेख करने का दायित्वा संगठन के उच्चतम स्तर का है

— विशेष दायित्वों वाले सभी कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और संबंधित लोगों को सुरक्षा के लिए नियमित अतिरिक्त प्रशिक्षण और विशेषज्ञ सहायता तक पहुंच प्राप्त है

— आपके संगठन ने प्रारंभिक विकास के भाग के रूप में / या आपके संगठन की नियुक्ति, प्रशिक्षण और विकास की लगातार समीक्षा करने के बारे में बच्चों, माता-पिता / देखभालकर्ताओं और कर्मचारियों से परामर्श किया है

# सुरक्षा-उपाय 07
## भागीदारों के साथ काम करना

**क्या** – भागीदार संगठनों द्वारा बच्चों के सुरक्षा-उपायों को अपनाने और कार्यान्वयन को प्रभावित करने और बढ़ावा देने के लिए संगठन द्वारा की गई कार्यवाही।

**क्यों** – कई खेल-कूद के संगठनों में बच्चों और युवाओं के संबंध में एक रणनीतिक और एक वितरण भूमिका दोनों हैं। जहां संगठनात्मक भागीदारी, सदस्यता, वित्तपोषण या कमीशन संबंध वर्तमान हैं या अन्य संगठनों के साथ विकसित होते हैं, उस संगठन को सुरक्षा उपायों के परिपालन को बढ़ावा देने के लिए इसके प्रभाव का उपयोग करना चाहिए। संगठन को पर्याप्त सुरक्षा उपायों के परिपालन के संबंध में सहायता और संसाधनों को प्रदान करना या संकेत देना चाहिए। संगठन को इंटर्नैशनल सेफगार्डे फार चिल्डर्न इन स्पोर्ट (*International Safeguards for Children in Sport*) को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने का पालन करना चाहिए।

# सफलता के लिए मापदंड

— आपके संगठन ने भागीदारों / सदस्यों के साथ काम करने के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया है कि सुरक्षा-उपाय के आसपास साझी अपेक्षाएं हैं

— आपके संगठन ने भागीदारों / सदस्यों के साथ काम किया है यह स्वीकार करने के लिए कि बच्चों के लिए खेल-कूद को सुरक्षित बनाने के बारे में सीखने को कैसे साझा किया जाए

— आपके संगठन ने बच्चों के साथ काम करने के संबंध में वर्तमान सर्वोत्तम अभ्यास पर लिखित मार्गदर्शन साझा किया है (उदाहरण के लिए खेल-कूद में बच्चों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा उपायों को साझा करना)

— आपकी संगठन की सुरक्षा-उपय नीति किसी भी भागीदारी / सदस्यता समझौते का एक महत्वपूर्ण भाग का प्रतिनिधित्व करती है

— आपका संगठन आपके समुदाय, भागीदारों और सदस्यों के लिए अपनी नीति के बारे में जानकारी का प्रचार करता है

— आपका संगठन आपके समुदायों को बच्चों के सुरक्षा-उपायों के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए काम करता है

# सुरक्षा-उपाय 08
# निगरानी और मूल्यांकन

**क्या** – अनुपालन और प्रभावशीलता की निरंतर निगरानी, सभी प्रसंगिक समूहों को शामिल करते हुए।

**क्यों** – संगठनों को यह जानना आवश्यक है कि सुरक्षा की निगरानी प्रभावी है और कहां सुधार और अनुकूलन आवश्यक हैं, या जोखिम के पैटर्न की पहचान करें।

# सफलता के लिए मापदंड

— आपके संगठन की निम्न के लिये प्रभावशीलता की निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए प्रणालियां उपलब्ध हैं:

- नीति
- सुरक्षा-उपाय की चिंताओं के प्रति उत्तर देने के लिए प्रणाली
- सलाह और समर्थन
- बच्चों के लिए जोखिमों को कम करने के लिए प्रणालियां
- व्यवहार के लिए दिशा-निर्देश
- नियुक्ति, प्रशिक्षण और संचार
- बच्चों की सुरक्षा करने के लिए भागीदारों के साथ काम करना

— संगठन के उच्चतम स्तर पर निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली के परिपालन की देखरेख करना का दायित्व है

— आपके संगठन ने प्रारंभिक विकास के भाग के रूप में / या आपकी निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली की लगातार समीक्षा करने के बारे में बच्चों, माता-पिता / देखभालकर्ताओं और कर्मचारियों से परामर्श किया है

# प्रथम अन्वेषक संगठन

एबलचाइल्डअफ्रिका
ACER (ब्राजिल) Brasil
एक्वारिअस स्पोर्ट
ऑस्ट्रेलियाई स्पोर्ट कमिशन
ब्लेज़ स्पोर्टस अमेरिका
ब्रीटिश काउंसल
ब्राउन यूनिवर्सिटी
ब्रुनेई कॉमनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन
चाइल्डफ़ंड ऑस्ट्रेलिया
चाइल्डफ़ंड लाओस
चाइल्ड हेल्पलाइन इंटर्नैशनल
कोचेज़ एक्रोस कांटिनेन्टस
कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन
कॉमनवेल्थ गेम्स स्कॉटलैंड लिमिटेड
साइप्रस कॉमनवेल्थ गेम्स काउंसिल
डेफकिड्स इंटर्नैशनल
एडुस्पोर्ट फाउंडेशन जाम्बिया
इंट्रनैशनल नेटबाल फेडरेशन
इसाकोला
लाओ रग्बी फेडरेशन (Lao Rugby Federation)
लॉन टेनिस एसोसिएशन (Lawn Tennis Association)
मैजिक बस (Magic Bus)
माल्टा कॉमनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन (Malta Commonwealth Games Association)
मैनचेस्टर सिटी
मैनचेस्टर यूनाटेड
माउरीटिअस कॉमनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन
मोमसटीम इंस्टिच्यूट MomsTEAM Institute | स्मार्टटीमस (SmartTeams)
मुविंग दा गोल पोसटस
नैशनल यूथ स्पोर्ट इंस्टिच्यूट (सिंगापुर)
नार्वेजियन ओलंपिक एंड पेरालंपिक कमिटी एंड कॉनफेडरेशन ऑफ स्पोर्टस
खेल, शारीरिक गतिविधि और मनोरंजन में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय संगठन
पैनाथलॉन इंटर्नैशनल
पैनाथलॉन सोरोकाबा क्लब
प्ले एंड ट्रेन
राइट टू प्ले थाईलैंड
सदीली ओवल स्पोर्ट्स अकाडमी
स्कॉटिश फुटबॉल एसोसिएशन
सेयशेल्लस कॉमनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन
स्किलशेयर इंटर्नैशनल
स्पोर्ट4सोसलाइजेशन
स्लम सॉकर
विशेष ओलंपिकस
स्पिरिट ऑफ सॉकर
सॉकर विथआउट बोर्डरस
स्पोर्टएकोर्ड
स्पोर्ट हैम्पशायर एंड IOW
टैक्ल अफ्रिका
UK स्पोर्ट
UNOSDP
यूरेस स्पोर्ट्स एंड कल्चर फॉर ब्लाइंड
USA स्विमिंग
US ओलंपिक कमिटी
वर्ल्ड सेलिंग




इसे वापस पारित करो,
वियतनाम
फोटोग्राफर:
फुंग क्वांग बिन्ह
(Phung Quang Binh)

# संस्थापक सदस्यों द्वारा तैयार किया गया:

बिआंड स्पोर्ट (Beyond Sport)
कैरिबीयन स्पोर्ट एंड डेवलोपमेंट (Caribbean Sport & Development Agency)
Comic Relief
चाइल्ड प्रोटेक्शन इन स्पोर्ट यूनिट (Child Protection in Sport Unit)
कॉमनवेल्थ सेक्रेटेरियल (Commonwealth Secretariat)
इंटर्नैशनल इंस्पाइरेशन(International Inspiration)
कीपिंग चिल्डर्न सेफ (Keeping Children Safe)
राइट टू प्ले (Right to Play)
स्विस एकाडमी फार डेवलोपमेंट (Swiss Academy for Development)
UNICEF UK
UK Sport
WomenWin

निम्न द्वारा अन्वेषण के आधार पर विकास:

ड. डैनियल रहिंड (Dr Daniel Rhind)
प्रो. सेलिया ब्रैकनरिज़ (Prof. Celia Brackenridge)
प्रो. टेस्स केय (Prof. Tess Kay)
ड. लौरा हिल्लस (Dr Laura Hills) और
फ्रैंक ओवुसु- सेकाइरे (Frank Owusu-Sekyere)
(Brunel University, London)

दा ओक फाउंडेशन (The Oak Foundation) से उदार सहायता के साथ

आपके संगठन में सुरक्षा-उपाय विकसित करने के बारे और जानकारी के लिए

http://www.sportanddev.org/en/toolkit/safeguarding_toolkit/

पर जाएं



© अंतर्राष्ट्रीय प्रेरणा
रेबेका हियरफिल्ड, 2012



© UNICEF
UNI178925/रामोस (Ramos)



© 2016

बच्चों के लिए खेल-कूद में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा-उपाय